**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 186**
**उत्तर देने की तारीख 03 फरवरी, 2020**
**सोमवार, 14 माघ, 1941 (शक)**

# मदुरै में व्यावसायिक संस्थान

**186. श्री एस॰ वेंकटेशनः**

**क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान देश भर में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा स्थापित अच्छी गुणवत्ता वाले व्यावसायिक संस्थानों का मदुरै लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान मदुरै निर्वाचन-क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी उद्योगोन्मुखी सेक्टर कौशल परिषद बनाई गई हैं?

**उत्तर**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री आर. के. सिंह)**

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय एनएसडीसी के माध्यम से सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को शामिल करते हुए भारत के प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक आकांक्षीय आदर्श प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की सुविधा प्रदान करता है। ये आदर्श प्रशिक्षण केंद्र **''प्रधानमंत्री कौशल केंद्र'' (पीएमकेके)** के नाम से जाने जाते हैं।

पीएमकेके परियोजना के अंतर्गत 504 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को शामिल करते हुए 707 जिलों में 812 पीएमकेके आवंटित किए जा चुके हैं। आवंटित किए गए 812 पीएमकेके में से 723 पीएमकेके स्थापित किए जा चुके हैं तथा शेष 89 केंद्रों को स्थापित करने का कार्य चल रहा है। इसके अलावा, तमिलनाडु के मदुरै जिले में क्वैश क्रॉप लिमिटेड द्वारा पीएमकेके स्थापित किया गया है। आवंटित पीएमकेके की राज्य-वार सूची **अनुबंध** में दी गई है।

(ख) क्षेत्र कौशल परिषदों का सृजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है न कि राज्य/जिला स्तर पर। पिछले पांच वर्षों में सृजित एसएससी का ब्योरा नीचे दिया गया है:

| **क्र.सं.** | **एसएससी** | **एनएसडीसी बोर्ड अनुमोदन माह** |
|---|---|---|
| 1 | रासायनिक और पेट्रो रसायन एसएससी * | फरवरी 2015 |
| 2 | पेंट और कोटिंग्स एसएससी | फरवरी 2015 |
| 3 | प्रबंधन एसएससी | जुलाई 2015 |
| 4 | ग्रीन जॉब एसएससी | जुलाई 2015 |
| 5 | रणनीतिक विनिर्माण एसएससी ** | अगस्त 2015 |
| 6 | फर्नीचर और फिटिंग एसएससी | अगस्त 2015 |
| 7 | पीडब्ल्यूडी एसएससी | अगस्त 2015 |
| 8 | इंस्ट्रूमेंटेशन एसएससी | अगस्त 2015 |
| 9 | घरेलू एसएससी | फरवरी 2016 |

*रासायनिक और पेट्रोरसायन अब एकल एसएससी नहीं है। रबड़ एसएससी में एक उप-क्षेत्र के रूप में रासायनिक और पेट्रो रसायन को जोड़ा गया है

**रणनीतिक विनिर्माण अब एकल एसएससी नहीं है और इसका पूंजीगत वस्तु के साथ विलय हो गया है

**अनुबंध**

| क्र.सं. | राज्य | आवंटित पीएमकेके की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 2 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 25 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 20 |
| 4 | असम | 33 |
| 5 | बिहार | 49 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 27 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 1 |
| 9 | दमन और दीव | 1 |
| 10 | गोवा | 2 |
| 11 | गुजरात | 34 |
| 12 | हरियाणा | 23 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 12 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 22 |
| 15 | झारखंड | 24 |
| 16 | कर्नाटक | 36 |
| 17 | केरल | 20 |
| 18 | लक्षद्वीप | 1 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 52 |
| 20 | महाराष्ट्र | 50 |
| 21 | मणिपुर | 16 |
| 22 | मेघालय | 8 |
| 23 | मिजोरम | 6 |
| 24 | नगालैंड | 11 |
| 25 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 11 |
| 26 | ओडिशा | 30 |
| 27 | पुडुचेरी | 4 |
| 28 | पंजाब | 24 |
| 29 | राजस्थान | 35 |
| 30 | सिक्किम | 4 |
| 31 | तमिलनाडु | 40 |
| 32 | तेलंगाना | 32 |
| 33 | त्रिपुरा | 8 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 88 |
| 35 | उत्तराखंड | 13 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 47 |
| **सकल योग** | | **812** |

*******